महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय,बीकानेर

जैसलमेर रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15, बीकानेर

क्रमांकः–एफ.4()स्टोर / मगसिविबी / नीलामी / 2022 / दिनांक

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के भण्डार के नाकारा सामान (कार्यालय उपयोगी एवं अन्य सामान) की सार्वजनिक निलामी दिनांक 18.07.2022 को प्रातः 11:30 बजे महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, जैसलमेर रोड, बीकानेर के प्रशासनिक भवन परिसर में की जायेगी ।

नाकारा सामग्री की बुक वैल्यू रूपये 3320386 / – इच्छुक खरीददार बोली लगाना चाहे, वह निर्धारित तिथि एवं समय तथा स्थान पर स्वंय के खर्चे पर उपस्थित होकर दो प्रतिशत की धरोहर राशि जमा करवाकर बोली लगा सकता है । नाकारा सामग्री किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में स्वयं के खर्चे पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है ।

नीलामी की अन्य मुख्य एवं आवश्यक शर्ते निम्नानुसार है

1. बोली लगाने वाले को रू 67,000 / – बोली लगाने से पूर्व बतौर धरोहर राशि जमा करवानी होगी जो अन्तिम बोली समाप्ति पर वापिस लौटा दी जायेगी ।
2. बोली स्वीकृत हो जाने पर बोली लगाने वाले को बोली छूटने पर सम्पूर्ण राशि तत्काल जमा करवाकर माल स्वयं के खर्च पर उठाना होगा । इसके पश्चात कार्यालय की कोई जवाबदारी नही होगी ।
3. नीलामी की अन्तिम रूप से समाप्ति यदि उसी दिन नही होगी तो बोली को आगे चालू रखने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा ।
4. नीलामी सामग्री पर देय किसी भी प्रकार के कर का चुकारा खरीददार को करना होगा ।
5. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नीलामी की सम्पूर्ण शर्तों की जानकारी प्राप्त करनी होगी एवं समस्त शर्तों की पालना हेतु प्रत्येक खरीददार एवं बोली लगाने वाले बाध्य होगा ।
6. नीलामी कमेटी का नीलामी की किसी बोली को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा । किसी भी प्रकार के विवाद में नीलामी कमेटी का फेसला ही अंतिम होगा एवं नीलामी के संबंध में किसी भी प्रकार का वाद नहीं किया जा सकेगा ।
7. नीलामी में उचित राशि की वसूली नही होने पर नीलामी हेतु दूसरी तिथि तय करने का सम्पूर्ण अधिकार भी नीलामी कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा ।
8. अंतिम बोलीदाता द्वारा माल नही उठाने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी ।
9. बिना बताये बोली अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी के पास होगा ।
10. बोलीदाता फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी आवश्यक है व निलामी के समय जीएसटी प्रमाण–पत्र साथ लाना आवश्यक है ।
11. सामग्री जैसी है जहां है के आधार पर निलामी की जायेगी ।
12. बोली लगाने से पूर्व कमेटी द्वारा रखी गयी शर्ते मान्य होगी ।
13. बोलीदाता की कोई शर्त मान्य नही होगी ।

कुलसचिव

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय,बीकानेर

जैसलमेर रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15, बीकानेर

दिनांक 11/7/22

क्र:–एफ.4() /मगसिंविबी/2022/11001-08

प्रतिलिपि : आवश्यक सूचना एवं अग्रिम कार्यावाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव कुलपति, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर
2. कोषधिकारी महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर
3. आहरण–वितरण महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर
4. नोडल अधिकारी वेबसाइट महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर नीलामी सूचना प्रकाशन करना सुनिश्चित करें ।
5. समस्त नीलामी समिति सदस्य महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर
6. नोटिस बोर्ड महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर
7. श्रीमान व्यवस्थापक राजस्थान संवाद सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सचिवालय परिसर जयपुर 302001 को भेजकर निवेदन है कि एक राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र जिसकी प्रसार प्रतियों की संख्या पचास हजार से अधिक हो में एक बार प्रकाशित करवाने का श्रम करें । प्रकाशन उपरान्त प्रकाशित नीलामी सूचना की कटिंग की मूल प्रतियां बिल के साथ संलगन कर बिल दो प्रतियों में प्रेषित करावें । (जीएसटी सहित)
8. रक्षित पत्रावली

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)